# CH/821

# वार्षिक परीक्षा, 2026
# इतिहास
# कक्षा-11

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट।** **[ पूर्णांक : 100**

**नोट—** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश—**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में 5 खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। खण्ड 'ख' में 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है। खण्ड 'ग' में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों में देना है। खण्ड 'घ' में 3 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 300 शब्दों में देना है। खण्ड 'ङ' में 10 ऐतिहासिक तिथियाँ व 5 मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

### खण्ड 'क' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1.'पॉटैमॉस' का अर्थ है— 1

(i) नदी (ii) मध्य (iii) किनारा (iv) समुद्र

2.मेसोपोटामिया के लोग अपने देवता को अर्पित करते थे— 1

UPBoardHub

(i) मछली (ii) दही (iii) अन्न (iv) ये सभी

3.ईरान में सार्वजनिक स्नान का विरोध किया— 1

(i) पुरोहित वर्ग ने (iii) स्त्रियों ने
(ii) शासक वर्ग ने (iv) सैनिक वर्ग ने

4.चंगेज खान का जन्म आधुनिक किस प्रदेश में हुआ था ? 1

(i) तुर्की (ii) उज्बेकिस्तान (iii) मंगोलिया (iv) कोरिया

4.चीन पर मंगोलों का आधिपत्य कब समाप्त हुआ ? 1

(i) 1330 (ii) 1337 (iii) 1358 (iv) 1368

5.पोप कहाँ रहता था ? 1

(i) लंदन (ii) रोम (iii) पेरिस (iv) काहिरा

6.आर्थिक संस्था का आधार क्या था ? 1

(i) श्रेणी (ii) मेनर (iii) धन (iv) लॉर्ड

7.'दि प्रिंस' नामक पुस्तक के लेखक थे— 1

(i) निकोलो मैकियावेली (iii) फेदेले
(ii) लोरेंजो बल्ला (iv) इसाबेलादि इस्ते

8.आस्ट्रेलिया की राजधानी का नाम बताइए ? 1

(i) कैनबरा (ii) नरडॉक (iii) सिडनी (iv) अल डोराडो

9.पीली नदी किसे कहते हैं ? 1

(i) यांगत्सी (ii) होन्शू (iii) सिक्यांग (iv) हांग हो

## खण्ड 'ख' (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

1. जिगुरात क्या होता है ? 2
2. ऑगस्टस का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 2
3. कुबलई खान परिचय दीजिए। 2
4. मेनर के अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए। 2
5. पुनर्जागरण का क्या अर्थ है ? 2

## खण्ड 'ग' (लघु उत्तरीय प्रश्न)

6. मेसोपोटामिया के उर नगर की विशेषताएँ बताइए। 5
7. रोम साम्राज्य में दास श्रम महँगा होने के कारणों पर प्रकाश डालिए। 5
8. यायावर साम्राज्य की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। 5
9. नाइटहुड से आप क्या समझते हैं ? 5
10. लियोनार्डो द विंची कौन था ? 5
11. 'महाप्रस्थान' पर आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए। 5

## खण्ड 'घ' (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12. मेसोपोटामिया शहरीकरण में मन्दिरों का महत्व लिखिए। 10

**अथवा**

रोमन साम्राज्य के उत्थान और पतन पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 10

13. 11वीं सदी में कृषि के विकास की विवेचना कीजिए। 10

**अथवा**

माार्टिन लूथर कौन था ? उसके कार्यों की विस्तार से चर्चा कीजिए। 10

14. चंगेजखान का जीवन-वृत्त लिखिए। 10

**अथवा**

उत्तरी अमेरिका में यूरोपीय साम्राज्यवाद की विस्तृत विवेचना कीजिए : 10

## खण्ड 'ङ' ऐतिहासिक तिथियाँ एवं मानचित्र

निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से संबंधित घटनाओं का उल्लेख कीजिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 2600 ई. पू. | 1 | (vi) | 1914 ई. | 1 |
| (ii) | 1856 ई. | 1 | (vii) | 185 ई. पू. | 1 |
| (iii) | 1800 ई. पू. | 1 | (viii) | 714 ई. | 1 |
| (iv) | 1919 ई. | 1 | (ix) | 1878 ई. | 1 |
| (v) | 321 ई. पू. | 1 | (x) | 1921 ई. | 1 |

**मानचित्र संबंधी प्रश्न—**

दिये गये भारत के मानचित्र में निम्न ऐतिहासिक स्थलों का अंकन (•) द्वारा कीजिए। उनका नाम भी लिखिए। सही नाम व सही अंकन अलग-अलग $(1 + 1)$ अंक निर्धारित हैं—

(i) वह स्थान जहाँ महावीर स्वामी का जन्म हुआ। 2

(ii) वह स्थान जहाँ जुते हुए खेतों के साक्षय मिले हैं। 2

(iii) वह स्थान जहाँ बुलन्द दरवाजा स्थित है। 2

(iv) वह स्थान जहाँ ताजमहल स्थित है। 2

(v) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ। 2